प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दो□हर समाचार

दिनांक 03.08.2024 **समय: 2.10 PM**

प्रधानमंत्री–कृषि अर्थशास्त्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इनका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक देश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है।

....

इंटर एक्टिव सत्र–बंगलुरु

प्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 और 8 अगस्त को बेंगलुरू में इंटरेक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। यहाँ सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन, कपड़ा, एयरोस्पेस, रक्षा, ऑटोमोबाइल और हेल्थकेयर संबंधी उद्योगों के प्रदेश में निवेश पर विस्तृत चर्चा की जायेगी। इस तरह के इंटर एक्टिव सत्र मुंबई और कोयंबटूर में भी आयोजित किये जा चुके हैं।

....

ड्रॉपआउट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 'विद्यालयों में बच्चों के ड्रॉपआउट कम करने' विषय पर आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में सहभागिता की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का उज्जवल भविष्य हमारी प्राथमिकता है और इस ध्येय की प्राप्ति हमारा संकल्प है। सरकार की ये कोषिष रहेगी कि भविष्य में कोई भी बच्चा ड्रॉपआउट का षिकार न हो। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी शामिल हुए।

....

आकाशवाणी संगीत समारोह

आकाशवाणी संगीत समारोह आज नई दिल्ली में आकाशवाणी परिसर में शुरू हो रहा है। दो दिन के इस समारोह का आयोजन आकाशवाणी के रंग भवन में शाम साढे पांच बजे से होगा। पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना, पंडित जयतीर्थ मेवुन्दी और पंडित विश्व मोहन भट्ट सहित देश के जाने–माने संगीतज्ञ आयोजन में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। दिल्ली के अतिरिक्त आकाशवाणी समारोह का आयोजन अलग–अलग दिवसों पर हैदराबाद, पटना, जम्मू, शिलांग, इम्फाल, कटक, बेंगलुरू, भोपाल, चेन्नई और रॉची सहित विभिन्न शहरों में किया जा

रहा है। इन आयोजनों के जरिए आकाशवाणी देश की सांस्कृतिक विरासत के सरंक्षण और विविध संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

....

मौसम

प्रदेश में बारिष का दौर लगातार जारी है। इस बारिष से कई नदी–नाले उफान पर है। कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। विदिशा जिले से गुजरने वाला अशोक नगर स्टेट हाइवे सड़क मार्ग के ग्राम कागपुर में बाहय नदी पुल से दो फीट ऊपर बहने के कारण आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। उधर बेतवा नदी पर बने गंज बासौदा तहसील का पुल और बर्रीघाट पुल डूब जाने के फलस्वरूप आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से से गुजर रहा है। वहीं एक अन्य ट्रफ पूर्व–पश्चिम से होकर इन्हीं क्षेत्रों में एक्टिव है। आज 12 जिलों– सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, श्योपुर और शिवपुरी में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है। जबकि भोपाल, जबलपुर समेत 23 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। कल कोलार, तवा, बरगी सहित प्रदेश के 9 बांधों के गेट खोल दिए गए। आज बरगी बांध के दो और गेट भी खोले जायेगें।

....

अब कुछ समाचार संक्षिप्त में...

- 1. बड़वानी जिले में नागपंचमी पर्व पर नागलवाड़ी में भिलट देव शिखर धाम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 दिवसीय मेले का आयोजन 9 से 13 अगस्त तक किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए कोलारस विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र दरगंवा और पिछोर विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र करारखेड़ा को राष्ट्रीय स्तर से राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक एनक्यूएस सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है।

....